# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 1 वीणावादिनि वर दे (मंजरी)

**प्रश्न-अभ्यास**

**विचार और कल्पना**

**प्रश्न-**
इस कविता में कवि द्वारा माँ सरस्वती से भारत और संसार के लिए अनेक वरदान माँगे गये हैं। आप अपने विद्यालय के लिए क्या-क्या वरदान माँगना चाहेंगे?
**उत्तर-**
हम अपने विद्यालय के लिए शिक्षा-प्रसार में अग्रणी तथा ख्याति प्राप्त होने का वरदान माँगेंगे।
**कविता से**
**प्रश्न 1.**
कविता में भारत के लिए क्या वरदान माँगा गया है? उत्तर- कविता में भारत के लिए स्वतन्त्रता, अमरत्व, ज्ञान और नव-जागरण का वरदान माँगा गया है।

**प्रश्न 2.**
तालिका के खण्ड 'क' और खण्ड 'ख' से शब्द चुनकर शब्द-युग्म बनाईए
**उत्तर-**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' | खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|---|---|
| वीणा | वादिनि | ताल | छन्द |
| स्वतन्त्र | रव | बन्धन | स्तर |
| अन्ध | उर | अमृत | मन्त्र |
| विहग | वृन्द | जलद | मन्द्ररव |

**प्रश्न 3.**
पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए
**(क)** काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर, बहा जननी, ज्योतिर्मय निर्झर।
भाव: अज्ञानी पुरुषों का अज्ञान दूर करो और ज्ञान का स्रोत बहा दो।
**(ख)** कलुष-भेद तम हर, प्रकाश भर, जगमग जग कर दे।
भाव: जितने भी पाप-दोष तथा अज्ञानता हैं. उन्हें दूर करें और ज्ञान के प्रकाश से संसार को जगमग कर दो।
**(ग)** नव गति, नव लय, ताल-छन्द नव, नवल कंठ, नव जलद-मन्द्ररव।
भाव: कवि प्रार्थना करता है कि हे माँ सरस्वती! तुम  हम भारतवासियों को नई गति, नई लय, नई ताल, नए छंद व नई वाणी दो और बादल के समान गंभीर स्वरूप प्रदान करो।

**भाषा की बात-**

**प्रश्न 1.**
कविता में आए 'वर दे', 'भर दे' की तरह अन्य तुकान्त शब्दों को छाँटकर लिखिए।
**उत्तर-**
'कर दे', 'स्वर दे', अन्य तुकान्त शब्द हैं।

**प्रश्न 2.**
ज्योतिः + मय = ज्योतिर्मय, निः+ झर = निर्झर। इन शब्दों में विसर्ग का रेफ हुआ है। यह विसर्ग सन्धि है। इसी प्रकार के दो शब्द लिखिए तथा उनका सन्धि विच्छेद कीजिए।
**उत्तर-**
दुः + गति = दुर्गति, निः + धन = निर्धन

**प्रश्न 3.**
विभक्ति को हटाकर शब्दों के मेल से बनने वाला शब्द समास कहलाता है। 'वीणा वादिनी' का अर्थ है 'वीणा को बजाने वाली' अर्थात् सरस्वती। यह बहुव्रीहि समास का उदाहरण है। इसी प्रकार गजानन, पीताम्बर, चतुरानन शब्दों में भी बहुव्रीहि समास है। इनका विग्रह कीजिए।
उत्तर-
गजानन- गज के समान आनन (सिर) है जिसका अर्थात श्री गणेश पीताम्बर- पीले हैं अंबर (वस्त्र) जिसके अर्थात विष्णु चतुरानन- चार हैं आनन जिसके अर्थात ब्रह्मा

**प्रश्न 4.**
'नव गति' में 'नव' गुणवाचक विशेषण है, यह गति, शब्द की विशेषता बताता है। कविता में 'नव' अन्य किन शब्दों के विशेषण के रूप में आया है, लिखिए।
**उत्तर-**
कविता में 'नव' शब्द 'लय', 'ताल', 'कंठ', 'जलद', 'नभ', 'विहग-वृंद', 'पर' और 'स्वर' शब्दों के विशेषण के रूप में आया है। इन शब्दों में विसर्ग कारेक हुआ है

https://www.evidyarthi.in/